# प्रेरणा अरोड़ा ने खोले जटाधारा के राज



फिल्म निर्माता प्रेरणा अरोड़ा ने अपनी आने वाली फिल्म जटाधारा को लेकर कहा कि यह फिल्म आध्यात्मिकता के साथ सिर्फ काले जादू या डर के बारे में नहीं है, बल्कि विश्वास से जुड़े उन मासूम साधारण लोगों की कहानी है, जो असाधारण शक्तियों में उलझ जाते हैं.

ज़ी स्टूडियो और प्रेरणा अरोड़ा की फिल्म 'जटाधारा' का ट्रेलर रिलीज़ होते ही यह फिल्म देशभर में जबरदस्त चर्चा का विषय बन गई है. विशेष रूप से फिल्म की भावनात्मकता के साथ भव्य विजुअल्स ने जहां दर्शकों को झकझोर कर रख दिया है, वहीं सुधीर बाबू के शक्तिशाली आध्यात्मिक किरदार और सोनाक्षी सिन्हा के रहस्यमय और खतरनाक अवतार ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध और स्तब्ध कर दिया है.

प्रेरणा अरोड़ा ने कहा, ट्रेलर को जिस तरह दर्शकों का प्रतिसाद मिला है, यह मेरे लिए काफी भावुक और प्रेरणादायक है. सच कहूं तो निर्माता के रूप में यह मेरे 'विश्वास' को हमेशा बल देता रहा है. विशेष रूप से जब मैंने 'रुस्तम', 'टॉयलेट- एक प्रेम कथा' और 'पैडमैन' जैसी फिल्में बनाई थीं, तब भी उन सभी फिल्मों के विषयों ने मुख्यधारा सिनेमा में पहली बार आने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर चर्चा पैदा की थी. यही दृढ़ विश्वास मुझे अपनी अगली फिल्म 'जटाधारा' के साथ भी था और अब जब लोग उससे इतनी गहराई से जुड़ रहे हैं, तो मेरे लिए यह बेहद संतोषजनक है.

हालांकि जब उनसे 'स्त्री 2', 'मुंजया' और 'कांतारा' जैसी हालिया सुपरनैचुरल फिल्मों के संदर्भ में पूछा गया, तो प्रेरणा ने कहा, 'जटाधारा' इन सबसे अलग है क्योंकि यह न तो कॉमेडी है और न फैंटेसी.

# रीमा सेन ने मॉडलिंग से शुरू किया सफर



2000 के दशक की खूबसूरत और टैलेंटेड एक्ट्रेस रीमा सेन आज भी अपने शानदार अभिनय और आकर्षक स्क्रीन प्रेज़ेंस के लिए जानी जाती हैं. उन्होंने अपने करियर की शुरुआत विज्ञापनों और म्यूजिक वीडियोज से की थी, लेकिन जल्द ही फिल्मों की दुनिया में कदम रखकर अपनी खास पहचान बना ली. जहां बॉलीवुड में उन्हें सीमित सफलता मिली, वहीं साउथ फिल्म इंडस्ट्री में उन्होंने धमाकेदार एंट्री की और दर्शकों के दिलों पर राज किया.

रीमा सेन का जन्म 29 अक्टूबर 1981 को कोलकाता में हुआ था. रीमा सेन आज अपना 44वां जन्मदिन मना रहे हैं. उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा सेंट थॉमस स्कूल से पूरी की. बचपन से ही उन्हें एक्टिंग का शौक था. परिवार के मुंबई शिफ्ट होने के बाद उन्होंने मॉडलिंग शुरू की. उन्होंने कई मशहूर ब्रांड्स के विज्ञापनों में काम किया, जिससे उन्हें कैमरे के सामने आत्मविश्वास मिला और फिल्मों के दरवाज़े खुले.रीमा सेन ने तेलुगू फिल्म 'चित्रम' (2000) से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की.

# रिलीज से पहले गोल्डन टेंपल पहुंची शहनाज



शहनाज गिल इन दिनों अपनी फिल्म इक कुड़ी के रिलीज की तैयारी कर रही हैं. 31 अक्तूबर को रिलीज हो रही ये फिल्म अमरजीत सिंह सरोन डायरेक्ट कर रहे हैं. फिल्म की रिलीज से पहले शहनाज गोल्डन टैंपल पहुंची. यहां रब के दरबार में सिर पर दुपट्टा डाले शहनाज ने माथा टेका. सूरज की छाया के नीचे खड़ी होकर शहनाज ने फोटो खिंचाई और उन्हें इंस्टाग्राम पर शेयर किया है.

शहनाज ने लिखा, श्रीगुरू रामदास की जय हो. बता दें कि शहनाज यहां अपनी फिल्म इक कुड़ी की सफलता की प्रार्थना करने यहां पहुंची थी. 31 अक्तूबर को रिलीज हो रही फिल्म इक कुड़ी में सुखी चहल और बलजिंदर दारापुरी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे. फिल्म की कहानी एक लड़की की है जिसके घर में आजतक कोई भी शादी-शुदा जोड़ा पूरी तरह संतुष्ट और खुश नहीं रहा है. कहानी बिगड़ने लगती है जब वही लड़की अपने लिए एक अरेंज मैरिज के जरिए लड़का देखती है. कहानी आगे बढ़ती है और लड़की अपने होने वाले पति के अतीत की गलियों की खाक छानती है. बस यही कहानी है फिल्म इक कुड़ी की जो 31 अक्तूबर को बाद सिनेमाघरों में दिखेगी.

शहनाज गिल के भाई शहबाज बदेशा इन दिनों बिग बॉस-19 के घर में हैं. यही वो रियलिटी शो है जिसने शहनाज को भी ग्लैमर की दुनिया का स्टार बनाया है. कभी गानों में मॉडल के तौर पर शुरू हुई ये जर्नी बिग बॉस होते हुए अब पंजाबी और बॉलीवुड फिल्मों तक जा पहुंची है. शहनाज के भाई शहबाज भी बिग बॉस के घर में हैं और इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं. शहनाज ने इसी पोस्ट के कमेंट में अपने भाई के लिए वोट करने की भी फैन्स से अपील की है.

शहनाज अब तक आधा दर्जन से यादा म्यूजिक वीडियो में कमाल कर चुकी हैं.

# ओटीटी डेब्यू करेंगी निमृत कौर अहलूवालिया



अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया पंजाबी फिल्म डेब्यू के बाद अब मिस्ट्री सीरीज़ में ओटीटी डेब्यू करेंगी.

इस साल की शुरुआत में गुरु रंधावा के साथ पंजाबी फिल्म शौंकी सरदार से बड़े पर्दे पर प्रभावशाली शुरुआत करने के बाद, टेलीविज़न और रियलिटी शोज़ जैसे बिग बॉस और खतरों के खिलाड़ी से मशहूर अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया अब अपने ओटीटी डेब्यू की तैयारी में हैं. चर्चा है कि उन्होंने पिछले महीने मुंबई में अपने नए प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर दी है, जो इस समय चल रही है. हालांकि सीरीज़ और उनके किरदार से जुड़ी जानकारी फिलहाल गुप्त रखी जा रही है, लेकिन बताया जा रहा है कि यह एक कैरेक्टर-ड्रिवन ड्रामा है जिसमें रहस्य (मिस्ट्री) का तत्व भी शामिल है.

प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने बताया, पंजाबी फिल्म डेब्यू के बाद निमृत अपने अगले कदम को लेकर काफी सोच-समझकर चल रही थीं. वह डिजिटल स्पेस में कुछ नया और दमदार करना चाहती थीं. यह प्रोजेक्ट एक स्ट्रॉन्ग, परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड वेब सीरीज़ है जो उनके अभिनय की बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाएगी. फिलहाल मेकर्स इस सीरीज़ के कॉन्सेप्ट को सीक्रेट रख रहे हैं, लेकिन माना जा रहा है कि यह प्रोजेक्ट उनके ओटीटी डेब्यू को यादगार बना देगा.

# वसुधा में अपनी एंट्री पर बोलीं निशि सक्सेना

जीटीवी का मशहूर शो वसुधा अब अपनी कहानी में एक दिलचस्प मोड़ लेने जा रहा है, क्योंकि अभिनेत्री निशि सक्सेना की एंट्री होने वाली है. प्रिया ठाकुर और अभिषेक शर्मा के मुख्य किरदारों वाला यह शो अपनी कहानी और भावनाओं से दर्शकों का दिल जीत चुका है. अब निशि का नया किरदार इस कहानी में एक और दिलचस्प मोड़ लेकर आएगा.

निशि नंदिनी का रोल निभा रही हैं, जो एक सकारात्मक और असरदार किरदार है. उनके आने से देव और वसु की ज़िंदगी में कई नए मोड़ आएंगे. आमतौर पर प्रेम कहानी में तीसरे किरदार को नकारात्मक दिखाया जाता है, लेकिन निशि का रोल इस सोच को बदलेगा. नंदिनी कहानी में अपनापन, गहराई और एक नया एहसास लेकर आएंगी.

अपने अनुभव के बारे में निशि सक्सेना कहती हैं, वसुधा जैसे शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खास है, खासकर जब कहानी एक रोमांचक और भावनात्मक पड़ाव पर है. यह शो पहले से ही दर्शकों के दिलों से जुड़ा हुआ है, इसलिए इस वक्त इसका हिस्सा बनना मेरे लिए खुशी की बात है. मैं बहुत उत्साहित हूं कि मेरा किरदार कहानी में एक नई दिशा लाएगा और देव-वसु की यात्रा में एक अलग मोड़ जोड़ेगा.

एक कलाकार के तौर पर, ऐसे शो का हिस्सा बनना बहुत संतोष देता है, क्योंकि हर सीन में कुछ सचा और मायने रखने वाला होता है. पूरी टीम बहुत प्यार करने वाली है और पहले ही दिन से सेट पर घर जैसा माहौल मिला. अब मैं बस इंतजार कर रही हूं कि दर्शक मेरे किरदार को कैसे अपनाते हैं और उसे कितना पसंद करते हैं.



# जंगली पिक्चर्स की 'हक़' का दमदार ट्रेलर रिलीज़

जंगली पिक्चर्स की फिल्म 'हक़' का दमदार ट्रेलर रिलीज़ हो गया है.

जंगली पिक्चर्स ने इनसोम्निया फिल्म्स और बावेजा स्टूडियोज के साथ मिलकर फिल्म 'हक' का निर्माण किया है. यह एक दमदार ड्रामा है, जो मोहम्मद अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम मामले में सर्वोच न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले से प्रेरित है. फिल्म में यामी गौतम धर और इमरान हाशमी मुख्य भूमिकाओं में हैं, और इसका निर्देशन सुपर्ण एस. वर्मा ने किया है.

यामी गौतम ने कहा, यह सिर्फ





शाज़िया की नहीं, उन सभी महिलाओं की कहानी है जिन्हें हमेशा चुप रहने को कहा गया. यह किरदार निभाना मेरे लिए सम्मान की बात है.

इमरान हाशमी ने कहा, जब मैं ऐसी स्क्रिप्ट पढ़ता हूं, तो मैं पहले उसे एक एक्टर के तौर पर देखता हूं. लेकिन इस फिल्म में पहली बार मुझे एक मुसलमान के नज़रिए से भी देखना पड़ा. जब उस ऐतिहासिक केस की बात होती है, तो पूरा देश दो हिस्सों में बंट गया था एक तरफ धर्म और व्यक्तिगत आस्था थी, और दूसरी तरफ संवैधानिक व समान अधिकार. मुझे ये देखना था कि क्या फिल्म में डायरेक्टर और राइटर का नज़रिया संतुलित और निष्पक्ष है या नहीं.

# राणा दग्गुबाती ने बतायी बाहुबली : द एपिक की री-रिलीज़ की खासियत

**दक्षिण** भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार राणा दग्गुबाती ने बाहुबली- द एपिक की री-रिलीज़ की खासियत बतायी है.

राणा दग्गुबाती ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह लोगों को पहले कभी न देखे गए तरीके से बाहुबली देखने के लिए बुलाए हुए नजर आ रहे हैं. एक वीडियो मैसेज शेयर करते हुए राणा ने दर्शकों से कहा कि वे बाहुबली-द एपिक देखें, यह एक खास थिएट्रिकल री-रिलीज है, जिसमें बाहुबली- द बिगिनिंग (2015) और बाहुबली- द कन्क्लूजन (2017) दोनों फिल्मों को मिलाकर एक शानदार सिनेमैटिक सफर बनाया गया है. यह फिल्म पूरे भारत में 31 अक्टूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जबकि विदेशों में इसके प्रीमियर 29




अक्टूबर से शुरू होंगे. अपने कैप्शन में राणा ने लिखा, ्रराणा दुग्गाबाती आपको फिर से भल्लालदेव के खतरनाक अंदाज़ को दोनों फिल्मों में एक साथ देखने के लिए बुला रहे हैं! ऐसा मौका ज़िंदगी में एक बार ही मिलेगा.



# अब नहीं होगी डिवाइस की ओवरहीटिंग

इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अधिक शक्तिशाली और कॉम्पैक्ट होते जाने के साथ उनमें हीटिंग की समस्या भी तेजी से बढ़ रही है. लेकिन अब इस समस्या का समाधान वैज्ञानिकों ने खोज लिया है. चीन के पेकिंग विश्वविद्यालय की नेशनल की लेबोरेटरी ऑफ एडवांस्ड माइक्रो एंड नैनो मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी तीन-स्तरीय माइक्रोफ्लूडिक कूलिंग डिवाइस विकसित की है, जो उपकरणों से निकलने वाली गर्मी को प्रभावी ढंग से कम कर उनकी लाइफ और परफॉर्मेंस दोनों बढ़ा सकती है.




**तीन-स्तरीय संरचना से मिलेगी अधिक ठंडक-** नेचर इलेक्ट्रॉनिक्स पत्रिका में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, यह नई तकनीक पारंपरिक कूलिंग सिस्टम की तुलना में कई गुना अधिक प्रभावी है. इस डिवाइस की सबसे बड़ी खासियत है कि इसकी तीन-स्तरीय संरचना को सीधे सिलिकॉन सब्सट्रेट में उकेरा गया है.

पहली परत में टेपर्ड मैनिफोल्ड होता है, जो चिप की पूरी सतह पर पानी को समान रूप से वितरित करता है ताकि सभी हिस्सों को बराबर ठंडक मिले.

दूसरी परत को माइक्रोजेट लेयर कहा जाता है, जिसमें सूक्ष्म नोजल लगे होते हैं. ये नोजल पानी की तेज धार चिप की सतह पर फेंकते हैं, जिससे गर्मी तुरंत बाहर निकल जाती है.

तीसरी और अंतिम परत में माइक्रोचैनल्स यानी सूक्ष्म नालियां होती हैं, जो गर्म तरल को बाहर निकालकर ठंडे तरल के लिए जगह बनाती हैं.

## रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन और ऊर्जा दक्षता

शोध के अनुसार, यह माइक्रोफ्लूडिक डिवाइस 3,000 वाट प्रति वर्ग सेंटीमीटर की गर्मी को मात्र 0.9 वाट प्रति वर्ग सेंटीमीटर पंपिंग पावर से दूर कर सकती है. यह अब तक की सबसे प्रभावशाली कूलिंग तकनीक मानी जा रही है. वैज्ञानिकों ने बताया कि इस डिवाइस का कोएफिशिएंट ऑफ परफॉर्मेंस 13,000 तक पहुंच सकता है, जो इसे ऊर्जा की दृष्टि से बेहद कुशल और स्थिर बनाता है.


# अब हर चैट का स्टोरेज अलग से कर सकेंगे साफ

**अगर** आपका फोन बार-बार स्टोरेज फुल दिखाता है और वाट्सऐप का डेटा डिलीट करते-करते परेशान हो चुके हैं, तो अब राहत मिलने वाली है. वाट्सऐप जल्द ही एक ऐसा फीचर ला रहा है, जिससे यूजर हर चैट का स्टोरेज अलग से मैनेज कर पाएंगे. यानी अब किसी ग्रुप या पर्सनल चैट में कौन-सी फोटो, वीडियो या डॉक्यूमेंट ज्यादा जगह ले रही है, ये सब आप सीधे उसी चैट से देख और डिलीट कर सकेंगे.



वाट्सऐप अपने नये अपडेट में Manage Storage नाम का विकल्प दे रहा है, जो हर चैट के info पेज में मिलेगा. इस ऑप्शन से यूजर यह देख सकेंगे कि किसी खास चैट या ग्रुप ने फोन की कितनी स्टोरेज घेर रखी है. यह फीचर एक ग्रिड व्यू में सभी मीडिया फाइल्स (जैसे फोटो, वीडियो, डॉक्यूमेंट्स) दिखाएगा. साथ ही, आप इन्हें फाइल साइज या डेट के हिसाब से सॉर्ट भी कर पाएंगे. इससे यह पता लगाना आसान होगा कि कौन-सी चीजें सबसे ज्यादा जगह ले रही हैं और किन्हें हटाया जा सकता है.

**क्यों है यह फीचर खास?-** अभी तक वाट्सऐप में सिर्फ एक ग्लोबल Manage Storage फीचर मौजूद है, जो पूरी ऐप की मीडिया एक साथ दिखाता है. लेकिन अब हर चैट के अंदर से ही स्टोरेज कंट्रोल करने का विकल्प मिलेगा.




# वायुमंडल में बढ़ गया कॉर्बन डाईऑक्साइड का स्तर

हमारी धरती पर एक बड़े खतरे का सामना कर रही है जो ग्रह पर मौजूद जीवन के लिए खतरनाक साबित हो सकती है. धरती के वायुमंडल में कॉर्बन डाईऑक्साइड ($CO_2$) का स्तर साल 2024 में रेकॉर्ड स्तर तक बढ़ गया है. विश्व मौसम विज्ञान संगठन की एक नई रिपोर्ट में ये बताया गया है और कहा गया है कि इससे पृथ्वी का तापमान दीर्घकालिक रूप से और अधिक बढ़ने की संभावना है. रिपोर्ट में कॉर्बन डाईऑक्साइड के बढ़ने के लिए मानवीय गतिविधियों से इसका लगातार उत्सर्जन, जंगलों में आग लगने की घटनाओं में लगातार वृद्धि के साथ ही जमीन के पारिस्थितिकी तंत्र और महासागरों से इसके अवशोषण में कमी को जिम्मेदार बताया गया है.

WMO की रिपोर्ट के अनुसार, 1960 के दशक से $CO_2$ की वृद्धि दर 0.8 पीपीएम प्रतिवर्ष के मुकाबले तीन गुना बढ़ गई है. 2011-20 के दशक में यह 2.4 पीपीएम प्रतिवर्ष हो गई. वहीं, 2023 से 24 में कॉर्बन डाईऑक्साइड की वैश्विक औसत सांद्रता 3.5 पीपीएम मापी गई, जो 1957 में आधुनिक मापन शुरू होने के बाद से सबसे बड़ी वृद्धि है. इस बीच मानवीय गतिविधियों से जुड़ी दो अन्य महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण ग्रीनहाउस गैसें मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड भी रेकॉर्ड स्तर तक बढ़ गई है.

कॉर्बन डाईऑक्साइड और दूसरी ग्रीनहाउस गैसों से अवशोषित की जा रही ऊष्मा हमारी जलवायु को गर्म कर रही है, जो लगातार बढ़ती गर्मी का कारण बन रही है. उन्होंने उत्सर्जन में कमी को जलवायु के साथ ही इंसानों के लिए भी फायदेमंद बताया. ग्रीन हाउस बुलेटिन को 2004 में पहली बार जारी किया गया था. उस समय WMO के निगरानी केंद्र से मापी गई कॉर्बन डाईऑक्साइड का वार्षिक स्तर 377.1 पीपीएम था. 2024 में यह 423.9 हो गया.

# लावा का बजट स्मार्टफोन शार्क 2 भारत में लॉन्च

भारतीय स्मार्टफोन कंपनी लावा ने अपने नए बजट स्मार्टफोन लावाशार्क 2 4G को लॉन्च कर दिया है. यह फोन खास तौर पर युवाओं और सोशल मीडिया यूजर्स को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है. कंपनी ने इस फोन को अपने पुराने मॉडल शार्क 2 (मार्च 2025 में लॉन्च) का अपग्रेड बताया है. नई डिवाइस में बेहतर कैमरा, बड़ी बैटरी और ज्यादा स्मूथ डिस्प्ले जैसे कई सुधार किए गए हैं.

**डिजाइन और कैमरा-** लावाशार्क 2 का डिजाइन स्टाइलिश और प्रीमियम फील देता है. इसका बड़ा रियर कैमरा मॉड्यूल देखकर पहली नजर में यह कुछ हद तक iPhone 16 Pro की याद दिलाता है. फोन दो रंगों में आता है- Eclipse Grey और Aurora Gold. कैमरे की बात करें तो इसमें 50 मेगापिक्सल का ्र-पावर्ड रियर कैमरा और 8 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया गया है. कंपनी का दावा है कि यह फोन कंटेंट क्रिएटर्स और व्लॉगर्स को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, जिससे यूजर्स आसानी से क्वालिटी फोटो और वीडियो बना सकें.



**परफॉर्मेंस और स्टोरेज-** लावाशार्क 2 में nisoc T7250 प्रोसेसर दिया गया है, जो पिछले मॉडल के Unisoc T606 की तुलना में ज्यादा पावरफुल है. यह फोन 4GB RAM के साथ आता है, जिसमें 4GB वर्चुअल RAM एक्सपेंशन का विकल्प भी है. इसके अलावा इसमें 64GB इंटरनल स्टोरेज दी गई है, जिसे बढ़ाया भी जा सकता है. कंपनी के मुताबिक, यह प्रोसेसर मल्टीटास्किंग, ऑनलाइन क्लासेस और हल्के गेमिंग के लिए पर्याप्त है. फोन डुअल सिम सपोर्ट के साथ आता है और यह 4G नेटवर्क पर काम करता है.

## डिस्प्ले और बैटरी

लावाशार्क 2 में 6.75 इंच का HD+ LCD डिस्प्ले दिया गया है, जो 120Hz रिफ्रेश रेट सपोर्ट करता है. यह पिछले मॉडल (6.67 इंच) से बड़ा है और वीडियो देखने या गेम खेलने के एक्सपीरिएंस को बेहतर बनाता है. फोन में 5000mAh की बैटरी दी गई है, जो SB Type-C पोर्ट के साथ आती है. आउट ऑफ द बॉक्स यह 10W चार्जिंग सपोर्ट करता है, हालांकि यह 18W फास्ट चार्जिंग के साथ भी कम्पैटिबल है. इसके अलावा, फोन को IPzy रेटिंग मिली है, यानी यह धूल और पानी के छींटों से सुरक्षित है, जिससे यह रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए टिकाऊ बनता है.